फर्जी तरीके से लोगों की नियुक्ति करने के लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई

3290. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989-90 से 1992-93 के दौरान एस. ई. सी. एल., सी. सी. एल. और एम. सी. एल. के अधीन विभिन्न सेवाओं में फर्जी तरीके और साधनों से नियुक्ति किए जाने के, वर्षवार, कितने-कितने मामले प्रकाश में आए हैं;

(ख) इन कम्पनियों में उपर्युक्त व्यक्तियों की नियुक्ति करने वाले अधिकारियों के नाम क्या हैं और प्रतिवर्ष कितने-कितने लोगों की नियुक्ति की गई है;

(ग) इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) ऐसे किन-किन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई लम्बित है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) से (घ) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

दक्षिण-पूर्व कोयला क्षेत्र लिमिटेड और केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लिमिटेड के अधिकारियों की संपत्ति का कुर्क किया जाना

3291. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1987-88 से 1992-93 के दौरान दक्षिण पूर्व कोयला क्षेत्र लिमिटेड और केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लिमिटेड में कार्यरत अधिकारियों के घरों पर भ्रष्टाचार निवारण अभिकरणों और केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा कितने छापे मारे गए तथा बनाए गए मामलों की तत्संबंधी संख्या कितनी है;

(ख) छापों में कितनी चल और अचल संपत्ति का पता लगाया गया और उसमें से कितनी संपत्ति कुर्क की गई; और

(ग) इन मामलों में दोषी पाए गए अधिकारियों के नाम और पदनाम क्या हैं और उनके अपराधों की प्रकृति क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) से (ग) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा संभव उपलब्ध होते ही सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

India's trade relations with Russia

@3292. SHRI ARANGIL SREEDHARAN : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether it is fact that Government of Soviet Union has agreed to improve and widen the trade relations with India; and

(b) if so, what steps are being taken in this regard ?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE) : (a) and (b) The Soviet Union ceased to exist as a country in December 1991. The Government is making efforts, on a continuous basis, to promote bilateral trade relations between India and the successor republics. These steps include conclusions of bilateral trade agreements and corresponding banking arrangements, establishment of joint consultative fora, exchange of visits at the official and business levels, promotion of joint ventures, participation in trade fairs and exhibitions, exchange of trade information etc.

Agricultural Commodities

@@3293. SHRI SATISH PRADHAN : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether there exists a considerable scope for raising the export of agricultural commodities:

(b) if so, the details of estimated potentials:

@Previously Unstarred Question 1780, transferred from the 10th March, 1993.

@@Previously Unstarred Question 2153, transferred from the 12th March, 1993.